हरिभूमि

# बेमेतरा भूमि

रायपुर, बुधवार 1 जुलाई 2026

बेमेतरा | देवकर | नवागढ़ | साजा | परपोड़ी | थानखम्हरिया | नांदघाट


तापमान

अधिकतम 31.5 डिग्री

न्यूनतम 16.8 डिग्री


12 लापरवाही बर्दाश्त नहीं, समय पर मिले योजनाओं का ...





12 बेमेतरा से श्रद्धालुओं का जत्था पवित्र श्री अमरनाथ..




## खबर संक्षेप

### मधु रॉय बनीं भाजपा महिला मोर्चा कबीरधाम की जिला सह प्रभारी



**नवागढ़।** भारतीय जनता पार्टी ने संगठनात्मक विस्तार के तहत नवागढ़ विधानसभा क्षेत्र की लोकप्रिय महिला नेत्री एवं जिला पंचायत सदस्य मधु रॉय को भाजपा महिला मोर्चा कबीरधाम जिला सह प्रभारी की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी है। संगठन के इस निर्णय को उनकी सक्रिय कार्यशैली, जनसेवा के प्रति समर्पण और महिला नेतृत्व को मजबूत करने की दिशा में एक अहम कदम माना जा रहा है। नियुक्ति के साथ ही भाजपा कार्यकर्ताओं और समर्थकों में उत्साह का माहौल है, वहीं राजनीतिक गलियारों में भी इसे मधु रॉय के बढ़ते संगठनात्मक और राजनीतिक कद के रूप में देखा जा रहा है। मधु रॉय लंबे समय से भाजपा संगठन की सक्रिय कार्यकर्ता के रूप में सामाजिक, राजनीतिक एवं संगठनात्मक गतिविधियों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती रही हैं। जिला पंचायत सदस्य के रूप में उन्होंने ग्रामीण क्षेत्रों में विकास कार्यों के साथ-साथ महिलाओं, युवाओं और जरूरतमंदों की समस्याओं को प्रमुखता से उठाया है। महिला सशक्तिकरण, जनसंपर्क और संगठनात्मक कार्यक्रमों में उनकी लगातार सक्रिय उपस्थिति ने उन्हें क्षेत्र की प्रभावशाली महिला नेतृत्वकर्ताओं में स्थापित किया है।

### एक्टिवा ट्रैक्टर से टकराई, मौत

भिलाई। सड़क किनारे खड़ी ट्रैक्टर से एक्टिवा सवार वृद्ध के टकरा जाने से मौत हो गई है। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच में लिया है। सुपेला पुलिस ने बताया कि जुनवानी निवासी सुनील 59 वर्ष अपनी एक्टिवा में आ रहा था। इस दौरान चौहान पार्क ब्यू के सामने एक्टिवा सड़क पर खडे ट्रैक्टर सीजी 07 सीके 6708 के पीछे से टकरा गया। आसपास के लोगों ने वृद्ध को उपचार के लिए अस्पताल भेजा जहां डॉ ने मृत घोषित कर दिया।

### छात्र ने लगाई फांसी

**भिलाई।** छात्रावास में रहने वाले एक छात्र ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना भिलाई नगर थाना क्षेत्र की है। पुलिस ने बताया कि पंडरिया जिला कबीरधाम निवासी निखिल पौसार्य साईं महाविद्यालय सेक्टर 6 में बीएससी बायो का प्रथम छात्र था। जो भिलाई में रहकर पढ़ाई करता था। साल भर से भिलाई नगर रेलवे स्टेशन के समीप बने महाराणा प्रताप भवन के छात्रावास में रहता था। रविवार की सुबह निखिल अपने कमरे से बाहर नहीं निकलने पर संदेह होने पर अन्य छात्रो ने पुलिस को सूचना दी।

### अवैध कटाई, परिवहन और भंडारण का कारोबार चरम पर

# वनमुक्त बेमेतरा में 'फॉरेस्ट सिंडिकेट' का राज बेशकीमती पेड़ों की अंधाधुंध कटाई से हरियाली पर मंडराया संकट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

छत्तीसगढ़ का सबसे कम वन क्षेत्र वाला जिला होने का दंश झेल रहे बेमेतरा में इन दिनों बेशकीमती पेड़ों की अंधाधुंध कटाई, अवैध परिवहन और भंडारण का संगठित कारोबार तेजी से फल-फूल रहा है। दुर्ग सामान्य वनमंडल के अंतर्गत आने वाले साजा और बेमेतरा वन परिक्षेत्र में कथित वन माफियाओं के हौसले इस कदर बुलंद हैं कि वे दिन-रात प्रतिबंधित और बहुमूल्य पेड़ों की कटाई कर खुलेआम लकड़ियों से भरे वाहन सड़कों पर दौड़ा रहे हैं।

गंभीर बात यह है कि पूरे मामले में वन विभाग के जिम्मेदार अधिकारियों की रहस्यमयी चुप्पी और लचर निगरानी व्यवस्था सवालों के घेरे में है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि विभागीय निष्क्रियता ने माफियाओं को खुली छूट दे दी है, जिससे जिले की बची-खुची हरियाली भी तेजी से खत्म होती जा रही है। मानसून की शुरुआत के साथ ही पूरे गर्मीभर काटे गए पेड़ों के लट्ठों को सुरक्षित ठिकानों तक पहुंचाने का सिलसिला तेज हो गया है। जिले के चारों विकासखंडों के अनेक गांवों में सड़क किनारे, नदी तटों, खेतों और निजी बगीचों से प्रतिदिन बड़ी मात्रा में लकड़ियां वाहनों में लोड कर दूसरे स्थानों तक पहुंचाई जा रही हैं। बताया जाता है कि अर्जुन, सागौन, शीशम, नीम, आम और महुआ जैसे बहुमूल्य वृक्षों की कटाई कर उन्हें रात के अंधेरे में या फिर सामान्य परिवहन की आड़ में खपाया जा रहा है। इसके बावजूद वन विभाग का उड़नदस्ता और मैदानी अमला प्रभावी कार्रवाई करता नजर नहीं आ रहा है। ▶▶| शेष पेज 12 पर

### आरा मिलें बन रही अवैध कारोबार की सबसे बड़ी कड़ी

जानकारी के अनुसार साजा और बेरला क्षेत्र में ही 38 से अधिक आरा मिलें तथा दर्जनों लकड़ी की दुकानें संचालित हैं। आरोप है कि इन्हीं आरा मिलों के माध्यम से अवैध रूप से काटी गई लकड़ियों को खपाया जा रहा है। वन विभाग की गाइडलाइन और वैधानिक प्रावधानों की अनदेखी करते हुए लकड़ियों की खरीदी-बिक्री का खेल लंबे समय से जारी है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि इन आरा मिलों की नियमित जांच और स्टॉक का सत्यापन किया जाए तो बड़े पैमाने पर अनियमितताएं सामने आ सकती हैं।



### कड़ी कार्रवाई की मांग

स्थानीय नागरिकों और पर्यावरण संरक्षण से जुड़े लोगों ने शासन-प्रशासन से मांग की है कि अवैध कटाई, परिवहन और भंडारण में संलिप्त लोगों के खिलाफ विशेष अभियान चलाकर कठोर कार्रवाई की जाए। साथ ही आरा मिलों की नियमित जांच, लकड़ी के स्टॉक का सत्यापन, उड़नदस्तों की सक्रियता बढ़ाने तथा जिले में बड़े पैमाने पर वृक्षारोपण अभियान चलाने की आवश्यकता बताई है। उनका कहना है कि यदि अभी भी प्रभावी कदम नहीं उठाए गए तो बेमेतरा की बची-खुची हरियाली भी इतिहास बन सकती है।

### पर्यावरण पर गहराता खतरा

लगातार हो रही अवैध कटाई से जिले में हरित क्षेत्र तेजी से घट रहा है। इससे भू-जल स्तर, जैव विविधता, वन्यजीवों के प्राकृतिक आवास और जलवायु संतुलन पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ने की आशंका बढ़ गई है। पर्यावरण प्रेमियों का कहना है कि यदि समय रहते वन माफियाओं पर प्रभावी कार्रवाई नहीं हुई और विभागीय जवाबदेही तय नहीं की गई तो आने वाले वर्षों में बेमेतरा का पर्यावरणीय संतुलन गंभीर संकट में पड़ सकता है।

# पटवारियों के खिलाफ रिश्वतखोरी की शिकायतों का सत्यापन हुआ तेज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| थान खम्हरिया

■ नामांतरण, सीमांकन, खसरा-बी1, नक्शा सुधार और बंटवारे के नाम पर अवैध वसूली की शिकायतें का आरोप

26 जून को एंटी करप्शन ब्यूरो दुर्ग की टीम ने डीएसपी मनीष तंबोली के नेतृत्व में थान खम्हरिया थाना में पदस्थ प्रधान आरक्षक अजय लहरे को 15 हजार रुपये की रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार किया था। इस कार्रवाई के बाद जिले में हड़कंप मच गया था। जानकारी के अनुसार, राजस्व विभाग में भ्रष्टाचार की शिकायतें लंबे समय से मिल रही हैं। किसानों और आम नागरिकों का आरोप है कि बिना सुविधा शुल्क दिए सामान्य राजस्व कार्य भी समय पर नहीं किए जाते। कई मामलों में सीधे राशि मांगने के बजाय दलालों के माध्यम से लेन-देन कराया जाता है, जिससे शिकायत करना भी लोगों के लिए कठिन हो जाता है।

क्षेत्र के किसानों का कहना है कि नामांतरण, सीमांकन और रिकॉर्ड सुधार जैसे कार्य महीनों तक लंबित रखे जाते हैं। ग्राम उमरावनगर के किसान कुशल साहू ने बताया कि भूमि सीमांकन के लिए वह पिछले छह माह से कार्यालयों के चक्कर लगा रहे हैं, लेकिन अब तक कार्रवाई नहीं हुई। वहीं थान खम्हरिया निवासी फिरोज खान का आरोप है कि दशहरा उत्सव मैदान में अतिक्रमण हटाने के लिए सीमांकन कराने वे पिछले चार माह से लगातार राजस्व अधिकारियों के पास जा रहे हैं, लेकिन हर बार नया बहाना बनाकर मामला टाल दिया जाता है। ग्रामीणों का आरोप है कि खसरा-बी1 और नक्शे की प्रति का सरकारी शुल्क महज 15 रुपये है, लेकिन व्यवहार में हजारों रुपये तक की मांग की जाती है। सीमांकन और नपाई का रुपये लेने का लोगों का आरोप है और भूमि का रकबा बढ़ने के साथ रकम भी बढ़ जाती है। भूमि की प्रकृति बदलने, सिंचित को असिंचित या दो फसली को एक फसली दर्ज कराने तथा पक्के मकान को कच्चा दर्शाने जैसे मामलों में भी मोटी रकम वसूले जाने की शिकायतें सामने आती रही हैं। लोगों का कहना है कि गरीब किसान अदालतों के चक्कर लगाने में सक्षम नहीं होता। उसकी पूरी उम्मीद पटवारी पर टिकी रहती है, लेकिन जब वही भ्रष्टाचार का शिकार बन जाए तो न्याय मिलना मुश्किल हो जाता है। तहसीलदार भी अधिकांश ▶▶| शेष पेज 12 पर

# बिलासपुर में कराटे बेल्ट ग्रेडिंग परीक्षा में बेमेतरा के 25 खिलाड़ियों ने दिखाया दमखम



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

■ 110 प्रतिभागियों ने दी परीक्षा, आधुनिक तकनीकों व अंतरराष्ट्रीय नियमों का भी मिला प्रशिक्षण

बिलासपुर कराटे डू एसोसिएशन द्वारा 28 जून को भारत पैलेस, बिलासपुर में एक दिवसीय कराटे बेल्ट ग्रेडिंग परीक्षा का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन कराटे इंडिया ऑर्गेनाइजेशन के अध्यक्ष हांशी भरत शर्मा के निर्देशन तथा छत्तीसगढ़ कराटे डू एसोसिएशन के कार्यकारी अध्यक्ष रेन्शी बी. ब्रह्मया नायडू के नेतृत्व में किया गया। आयोजन की जिम्मेदारी बिलासपुर कराटे डू एसोसिएशन के संयुक्त सचिव एवं कोच राजेश सारथी ने निभाई। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं अतिथियों के पुष्पगुच्छ से स्वागत के साथ हुआ।

परीक्षा के मुख्य पर्यवेक्षक एवं प्रशिक्षक के रूप में रेन्शी बी. ब्रह्मया नायडू, वरिष्ठ प्रशिक्षक सेंसाई देवराज धनकर, अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी सेंसाई जयंत नायडू, बेमेतरा जिला कराटे संघ के सचिव सेंसई अजय वर्मा तथा कोच राजेश सारथी सहित अन्य प्रशिक्षक उपस्थित रहे। परीक्षा की शुरुआत खिलाड़ियों के वार्म-अप सत्र से हुई। इसके बाद येलो, ऑरेंज, ग्रीन, ब्लू, ब्राउन एवं ब्लैक बेल्ट के लिए निर्धारित मानकों के अनुरूप प्रतिभागियों का मूल्यांकन किया गया। इस दौरान पंच, प्रहार, किक, स्टांस, किहोन, काता और कुमिते जैसी तकनीकों के साथ खिलाड़ियों की शारीरिक क्षमता, स्टेमिना, गति, शक्ति, संतुलन, लचीलापन, तालमेल, फुर्ती, अनुशासन और मानसिक दृढ़ता का भी परीक्षण किया गया। आयोजन की विशेषता यह रही कि बेल्ट ग्रेडिंग परीक्षा के साथ प्रशिक्षकों एवं खिलाड़ियों को राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में अपनाई जा रही नवीन तकनीकों तथा आधुनिक नियमों की विस्तृत जानकारी भी दी गई, जिससे भविष्य में खिलाड़ियों को वैश्विक मानकों के अनुरूप तैयार किया जा सके। परीक्षा में कुल 110 खिलाड़ियों ने भाग लिया, जिनमें बेमेतरा जिले के 25 खिलाड़ी शामिल रहे। बेमेतरा के खिलाड़ियों ने विभिन्न बेल्ट श्रेणियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। आयोजन को सफल बनाने में दीपांकर मिर्झा, विकल्प शर्मा, नेहा वर्मा, साहिल बरगटे, आरती साहू, रिया साहू और सपना श्रीवास सहित वरिष्ठ खिलाड़ियों एवं प्रशिक्षकों का महत्वपूर्ण योगदान रहा। बेल्ट ग्रेडिंग परीक्षा में सफल खिलाड़ियों ▶▶| शेष पेज 12 पर

### पीएम आवास, जॉब कार्ड और विकास कार्यों में अनियमितता के आरोप

# ग्रामसभा में हंगामा: सवालों से घिरे सचिव बैठक छोड़कर चले गए, देर शाम तक इंतजार के बाद सभा स्थगित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा/बेरला

■ आय-व्यय पर उठे सवाल, ग्रामीणों ने उच्चस्तरीय जांच की मांग

जनपद पंचायत बेरला अंतर्गत ग्राम पंचायत मनियारी में मंगलवार को आयोजित ग्रामसभा उस समय विवादों में घिर गई, जब पंचायत सचिव मनोज गायकवाड़ ग्रामीणों के तीखे सवालों के बीच बैठक छोड़कर चले गए और देर शाम तक वापस नहीं लौटे। सचिव के वापस नहीं आने पर ग्रामसभा स्थगित करनी पड़ी। इस दौरान ग्रामीणों ने पीएम आवास योजना, जॉब कार्ड निर्माण, मूलभूत सुविधाओं और पंचायत के आय-व्यय में गंभीर अनियमितताओं के आरोप लगाते हुए उच्चस्तरीय जांच एवं दोषियों पर कार्रवाई की मांग की। ग्रामसभा में वर्ष 2025-26 के विकास कार्यों, मूलभूत सुविधाओं पर हुए खर्च तथा प्रधानमंत्री आवास योजना की पात्रता सूची को लेकर ग्रामीणों ने कई सवाल उठाए। ग्रामीणों का आरोप था कि पात्र परिवारों के नाम सूची से बाहर हैं, जबकि कम उम्र और अपात्र लोगों के नाम शामिल किए गए हैं। इससे सभा में माहौल गर्म हो गया और जनप्रतिनिधियों तथा ग्रामीणों के बीच तीखी बहस हुई। इसी दौरान पंचायत सचिव मनोज गायकवाड़ यह कहकर बैठक से निकल गए कि वे कुछ देर में वापस आ रहे हैं, लेकिन घंटों बीतने के बाद भी नहीं लौटे। ग्रामीणों और जनप्रतिनिधियों ने उन्हें कई बार फोन लगाया, परंतु मोबाइल बंद अथवा नॉट रीचेबल बताता रहा। सचिव की अनुपस्थिति में सरपंच सोहन साहू, उपसरपंच संतोष साहू एवं रोजगार सहायक चंद्रशेखर चेलक ने ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं।



**जॉब कार्ड नहीं बनने से ग्रामीण परेशान:** ग्रामसभा में बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने जॉब कार्ड नहीं बनने की शिकायत की। कमलेश साहू ने बताया कि वे पिछले छह माह से परिवार का जॉब कार्ड बनवाने पंचायत के चक्कर लगा रहे हैं। ▶▶| शेष पेज 12 पर

### शिकायत के बाद ग्रामसभा स्थगित

सचिव के वापस नहीं लौटने पर ग्रामीणों ने मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076 सहित जनपद पंचायत बेरला और जिला पंचायत बेमेतरा के अधिकारियों को दूरभाष पर शिकायत की। कमलेश निषाद एवं अन्य ग्रामीणों ने अधूरी ग्रामसभा को पुनः आयोजित करने की मांग की। इसके बाद सरपंच ने ग्रामसभा को स्थगित करने की घोषणा कर दी।

### उच्चस्तरीय जांच की मांग

ग्रामीणों का आरोप है कि पंचायत में वर्ष 2025 से जून 2026 तक हुए विकास कार्यों एवं वित्तीय लेन-देन में गंभीर अनियमितताएं हुई हैं। साथ ही ग्रामसभा के दौरान सचिव का बीच बैठक से चले जाना नियमों का उल्लंघन है। ग्रामीणों ने पूरे मामले की निष्पक्ष एवं उच्चस्तरीय जांच कर दोषियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

# भगवान बलराम की पूजा-अर्चना के साथ हांटरांका में मनाया गया सहकारिता सप्ताह



■ सहकारिता का ध्वज लहराया

**बेमेतरा/थानखम्हरिया।** सहकारिता सप्ताह के अवसर पर हांटरांका सेवा सहकारी समिति में सहकारिता दिवस उत्साह, श्रद्धा और गरिमा के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ सहकारिता ध्वज के ध्वजारोहण से हुआ, जिसके पश्चात कृषि एवं अन्न उत्पादन के आराध्य भगवान बलराम की सामूहिक पूजा-अर्चना कर क्षेत्र के किसानों की समृद्धि, खुशहाली एवं भरपूर फसल की मंगलकामना की गई। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि सहकारिता किसानों की आर्थिक मजबूती का सबसे प्रभावी आधार है। सहकारी समितियां किसानों को संगठित कर उन्हें आत्मनिर्भर बनाने के साथ-साथ ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। उन्होंने किसानों से सहकारिता की भावना को अपनाते हुए समिति की योजनाओं एवं गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी निभाने का आह्वान किया। कार्यक्रम में ▶▶| शेष पेज 12 पर

# तीन को हड़ताल पर रहने कोटवारों ने तहसीलदार को सौपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| थान खम्हरिया



कोटवार एसोसिएशन आफ छ ग के प्रांतीय आव्हान पर प्रदेश के सभी कोटवार 7 सूत्रीय मांगो को लेकर 3 जुलाई शुक्रवार को एक दिवसीय हङताल पर रहेंगे।आज थान खम्हरिया तहसील कोटवार संघ ने अपने लंबित मांगो को लेकर एक दिवसीय हङताल मे जाने तहसीलदार सरिता मढरिया व थाना प्रभारी अर्जुन साहू को ज्ञापन सौपा।

ज्ञापन के माध्यम से कोटवारो ने कहा है कि पूर्व के मांगो पर शासन द्वारा कोई जरूरी कदम नही उठाने बङी विडंबना है के साथ ही कोटवारो भे निराशा भी है ज्ञापन मे आगे कहा गया है कि अपनी मांगो को लेक 3 जुलाई को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन भी सौपा जायगा कोटवारो एसोसिएशन ऑफ छत्तीसगढ की प्रमूख मांगो मे कोटवारो को नियमित करते हुए राजस्व विभाग मे सम्मिलित किया जाय,कोटवारो को पारिश्रमिक मे वृद्धिकरथे हुए न्युनतम 15 हजार रूपए मासिक किया जावे, कोटवारो की नियुक्त मे हो रही भ्रष्टाचार को दूर करते हुए कोटवादो के परिवार के सदस्य को नियुक्त मे प्राथमिकता दी जावे,झूठे आरोप को आधार पर फिना तथ्यो की जानकारी लिए कोटवारो के ▶▶| शेष पेज 12 पर

### डीआईजी रामकृष्ण साहू ने शाल, श्रीफल एवं स्मृति चिन्ह भेंटकर किया सम्मानित

# 43 वर्षों की गौरवपूर्ण सेवा के बाद पांच पुलिसकर्मियों को भावभीनी विदाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा



जिला पुलिस कार्यालय में मंगलवार को आयोजित गरिमामय समारोह में पुलिस विभाग में लंबे समय तक सेवाएं देने वाले पांच पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों को भावपूर्ण विदाई दी गई। सेवानिवृत्त होने वालों में उप निरीक्षक शैल शर्मा, परवासी यादव, सहायक उप निरीक्षक धनीराम रामटेके, तुलाराम देशमुख तथा प्रधान आरक्षक सतीष श्रीवास्तव शामिल रहे।

इस अवसर पर उन्हें शाल, श्रीफल एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पुलिस उप महानिरीक्षक रामकृष्ण साहू ने सभी सेवानिवृत्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों के स्वस्थ, सुखद एवं दीर्घायु जीवन की कामना करते हुए कहा कि पुलिस सेवा अत्यंत चुनौतीपूर्ण और जिम्मेदारी भरी होती है। इन सभी अधिकारियों ने अपने लंबे सेवाकाल में ईमानदारी, कर्तव्य निष्ठा और अनुशासन के साथ विभाग की गरिमा बढ़ाई है। अब उन्हें अपने परिवार के साथ अधिक समय बिताने का अवसर मिलेगा, जो उनके जीवन का एक नया और सुखद अध्याय होगा। उन्होंने बताया कि उप निरीक्षक शैल शर्मा ने पुलिस विभाग में लगभग 43 वर्ष 7 माह तक सेवाएं दीं, जबकि उप निरीक्षक परवासी यादव, सहायक उप निरीक्षक धनीराम रामटेके, तुलाराम देशमुख तथा प्रधान आरक्षक सतीष श्रीवास्तव ने करीब 40 वर्ष 6 माह तक पुलिस विभाग की सेवा की। अपने कार्यकाल के दौरान उन्होंने राजनांदगांव, दुर्ग और बेमेतरा जिले के विभिन्न थाना एवं चौकियों में जिम्मेदारीपूर्वक कार्य किया। समारोह में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक हरीश यादव, डीएसपी कौशिल्या साहू एवं डीएसपी शशिकला उईके ने भी सेवानिवृत्त अधिकारियों की कार्यशैली की सराहना करते हुए कहा कि गृह विभाग में कार्य करना अत्यंत संवेदनशील जिम्मेदारी है। इन सभी ने अपने कर्तव्यों का निष्ठा एवं समर्पण के साथ निर्वहन किया, जो आने वाली पीढ़ी के पुलिसकर्मियों के लिए प्रेरणास्त्रोत रहेगा। सेवानिवृत्त अधिकारियों ने भी अपने लंबे सेवाकाल के अनुभव साझा किए। उन्होंने कहा कि वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन और सहकर्मियों के सहयोग से वे अपने दायित्वों का सफलतापूर्वक निर्वहन कर सके। उन्होंने पूरे पुलिस परिवार के प्रति आभार व्यक्त करते हुए सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया। समारोह में रक्षित निरीक्षक प्रवीण खलखो, सिटी कोतवाली थाना प्रभारी निरीक्षक सोनल ग्वाला, रीडर-1 निरीक्षक कृष्णकांत सिंह, मुख्य लिपिक उप निरीक्षक (अ) हरिओम विश्वकर्मा सहित पुलिस विभाग के अनेक अधिकारी - कर्मचारी एवं सेवानिवृत्त अधिकारियों के परिजन बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।





॥ जीवेत शरदः शतम् ॥
सरल-सहज, लोकप्रिय,
नवागढ़ क्षेत्र के दुलरवा विधायक
छ.ग. शासन के केबिनेट मंत्री
मा. दयालदास बघेल जी
1 जुलाई
को जन्मदिन
की हार्दिक शुभकामनाएं
-: विनीत :-
समस्त क्षेत्रवासी,
विधानसभा नवागढ़
विनीत- समस्त भाजपा कार्यकर्ता, नवागढ़ विधानसभा


जीवेत शरदः शतम्
छ.ग. शासन कैबिनेट मंत्री एवं नवागढ़ विधानसभा के विकास पुरूष
मान. दयालदास बघेल जी
को जन्मदिन की
1 जुलाई
हार्दिक शुभकामनाएं...
मान. दयालदास बघेल
मंत्री, खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं
उपभोक्ता संरक्षण छ.ग. शासन
एवं विधायक नवागढ़ विधानसभा क्षेत्र
गिरजा कुर्रे
महामंत्री
भाजपा महिला मोर्चा बेमेतरा
मधु राजपूत
महामंत्री
भाजपा महिला मोर्चा बेमेतरा
श्रीमती प्रज्ञा निर्वाणी
जिलाध्यक्ष
भाजपा महिला मोर्चा बेमेतरा
विनीत- भारतीय जनता पार्टी, महिला मोर्चा बेमेतरा


छ.ग. शासन कैबिनेट मंत्री (खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण छ.ग. शासन)
एवं नवागढ़ विधानसभा के विकास पुरूष
मान. दयालदास बघेल जी को
1 जुलाई
जन्मदिन की
हार्दिक बधाई एवं
शुभकामनाएं...
Happy Birthday To You
मान. दयालदास बघेल
मंत्री, खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं
उपभोक्ता संरक्षण छ.ग. शासन
एवं विधायक नवागढ़ विधानसभा क्षेत्र
श्रीमती हेमा दिवाकर
अध्यक्ष, जनपद पंचायत बेमेतरा
जय दिवाकर
अध्यक्ष, भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा
बालसमुंद मण्डल

## टीएल बैठक में मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, जनकल्याणकारी योजनाओं की समीक्षा

# लापरवाही बर्दाश्त नहीं, समय पर मिले योजनाओं का लाभः कलेक्टर प्रतिष्ठा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा



कलेक्टर सुश्री प्रतिष्ठा ममगाईं ने सोमवार को जिला कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित समय-सीमा (टीएल) बैठक में शासन की प्राथमिकता वाली योजनाओं, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, सुशासन तिहार के आवेदनों तथा विभिन्न विभागों के कार्यों की विस्तृत समीक्षा करते हुए अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि शासन की प्रत्येक योजना का लाभ समय पर पात्र हितग्राहियों तक पहुंचे।

उन्होंने दो टूक कहा कि किसी भी स्तर पर लापरवाही, अनावश्यक विलंब अथवा उदासीनता बर्दाश्त नहीं की जाएगी और दोषी अधिकारी-कर्मचारियों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। कलेक्टर ने कहा कि प्रशासन की सफलता केवल योजनाओं के क्रियान्वयन से नहीं, बल्कि आम नागरिकों की संतुष्टि और उन्हें मिलने वाली वास्तविक राहत से तय होती है। इसलिए सभी विभाग जवाबदेही के साथ कार्य करते हुए निर्धारित समय-सीमा में शत-प्रतिशत लक्ष्य हासिल करें। बैठक में मुख्यमंत्री हेल्पलाइन के लंबित एवं निराकृत प्रकरणों की विभागवार समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि शिकायतों का निराकरण केवल पोर्टल पर प्रकरण बंद करने तक सीमित न रहे, बल्कि शिकायतकर्ता को वास्तविक और स्थायी राहत मिलनी चाहिए। यदि किसी विभाग से लगातार एक जैसी शिकायतें प्राप्त हो रही हैं तो यह उस विभाग की कार्यप्रणाली में सुधार की आवश्यकता को दर्शाता है। उन्होंने अधिकारियों से प्रत्येक शिकायत का गंभीरता से परीक्षण कर निर्धारित समय-सीमा में गुणवत्तापूर्ण समाधान सुनिश्चित करने को कहा। आवश्यकता पड़ने पर संबंधित अधिकारी स्वयं मौके पर पहुंचकर वस्तुस्थिति का निरीक्षण करें और समस्याओं का स्थायी निराकरण करें। मुख्यमंत्री हेल्पलाइन में निम्न रैंकिंग वाले विभागों को विशेष चेतावनी देते हुए उन्होंने अगली समीक्षा बैठक तक उल्लेखनीय सुधार लाने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का उद्देश्य केवल लक्ष्य पूरा करना नहीं, बल्कि आम नागरिकों के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाना है।

### वनमुक्त बेमेतरा में 'फॉरेस्ट ...

जब भी अवैध कटाई और परिवहन के मामलों पर सवाल उठते हैं, तब संबंधित विभाग जिम्मेदारी तय करने के बजाय एक-दूसरे पर ठीकरा फोड़ते नजर आते हैं। वन विभाग अक्सर इसे राजस्व अथवा पुलिस विभाग का विषय बताकर अपनी जिम्मेदारी से पल्ला झाड़ लेता है, जबकि पर्यावरण संरक्षण और वन संपदा की सुरक्षा उसकी प्राथमिक जिम्मेदारी है। परिणामस्वरूप कार्रवाई के अभाव में वन माफियाओं का नेटवर्क लगातार मजबूत होता जा रहा है। वन एवं पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से गिधवा-परसदा क्षेत्र में पक्षी अभयारण्य विकसित करने की महत्वाकांक्षी योजना वर्षों पहले शुरू की गई थी। उद्देश्य था कि जिले को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान मिले तथा जैव विविधता का संरक्षण हो। लेकिन स्थानीय लोगों का आरोप है कि विभागीय उदासीनता और धीमी कार्यप्रणाली के कारण यह परियोजना आज भी अपेक्षित रूप से विकसित नहीं हो सकी।

### पटवारियों के खिलाफ ...

मामलों में पटवारी की रिपोर्ट पर निर्भर रहते हैं, जिससे शिकायतकर्ता की परेशानी और बढ़ जाती है। सूत्रों के अनुसार, पिछले छह माह के दौरान उप पंजीयक कार्यालय में हुई भूमि रजिसट्रियों और उनसे जुड़े राजस्व रिकॉर्ड का परीक्षण किया जाए तो कई गंभीर अनियमितताएं सामने आ सकती हैं। इसी आधार पर एंटी करप्शन ब्यूरो राजस्व विभाग से जुड़े दस्तावेजों और शिकायतों का मिलान कर रही है। विश्वसनीय सूत्रों की मानें तो एंटी करप्शन ब्यूरो को केवल थान खम्हरिया तहसील क्षेत्र से ही राजस्व मामलों से संबंधित करीब 30 शिकायतें प्राप्त हुई हैं। इन शिकायतों का सत्यापन किया जा

## पेज 9 का शेष

रहा है। जांच पूरी होने के बाद भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो किसी भी समय ट्रैप या अन्य वैधानिक कार्रवाई कर सकता है। हालांकि, इस संबंध में एंटी करप्शन ब्यूरो या राजस्व विभाग की ओर से अभी तक कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं की गई है।

### ग्रामसभा में हंगामाः सवालों ...

कीचड़ और जलभराव की स्थिति बनी हुई है। शीतला मंदिर से मुख्य मार्ग तक सड़क जगह-जगह क्षतिग्रस्त है, जहां बारिश के दौरान घुटनों तक पानी भर जाता है, जिससे आवागमन प्रभावित हो रहा है। आरटीआई के दस्तावेजों के आधार पर खर्च पर सवालः सूचना के अधिकार अधिनियम के तहत प्राप्त दस्तावेजों का हवाला देते हुए आवेदक बंटी महिलांगे ने वर्ष 2025-26 के विकास कार्यों एवं पंचायत के आय-व्यय का विस्तृत विवरण ग्रामसभा में रखा। उन्होंने आरोप लगाया कि अभिलेखों में विकास कार्यों पर राशि खर्च दर्शाई गई है, लेकिन धरातल पर अधिकांश कार्य दिखाई नहीं देते। कई बिंदुओं पर जनप्रतिनिधि संतोषजनक जवाब नहीं दे सके, जिससे ग्रामीणों में नाराजगी और बढ़ गई।

### भगवान बलराम की ...

समिति के अध्यक्ष गोवर्धन पटेल, सरपंच देवराज वर्मा, गणेश वर्मा, प्रबंधक अजय पटेल, कर्मचारी नागेन्द्र वर्मा, धर्मेन्द्र वर्मा, छबित साहू, पालेश्वर साहू, मोनू कुमार साहू सहित बड़ी संख्या में किसान उपस्थित रहे। सभी उपस्थितजनों ने सहकारिता के मूल मंत्र /"एकता, सहयोग और समृद्धि/" को आत्मसात करते हुए किसानों के हितों की रक्षा एवं ग्रामीण विकास के लिए निरंतर कार्य करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम का समापन सौहार्द, सहयोग और किसान हितैषी संकल्पों के साथ हुआ।

### तीन को हड़ताल ...

ऊपर हो रही कार्यवाहियो पर रोक लगायी जाय कोटवेरो से अनावश्यक बेगारी न लेने संबंधी आदेश का कड़ाई से पालन हो तथा नगरीय निकाय क्षेत्र में कोटवारो की नियुक्त पर लगाया गया प्रतिबंध तत्काल हटायी जावे जैसे मांगे शामिल है। 3 जुलाई को तहसील क्षेत्र के लगभग 80 कोटवार तहसील कार्यालय के सामने अपनी मांगो लेकर धरने पर बैठने वाले है।थान खम्हरिया तहसील कोटवार संघ के अध्यक्ष धुरवादास ने एक दिवसीय हड़ताल के संबंध मै बताया कि उपरोक्त मांगे 20 वर्ष पुरानी है परंतु विडंबना है कि शासन की ओर से अब तक कोई पहल की गयी जिससे कोटवारो मे निराशा है उन्होने बताया कि संघ अपनी 7 सूत्रीय मांगो को लेकर 3 जुलाई को प्रथम चरण में सांकेतिक हड़ताल पर रहेंगे।

### बिलासपुर में कराटे बेल्ट ...

को कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय की अधीक्षिका श्रीमती भारती घृतलहरे एवं सेंसई अजय वर्मा ने बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर सेंसई अजय वर्मा ने कहा कि कराटे बेल्ट ग्रेडिंग परीक्षा केवल बेल्ट प्राप्त करने की प्रक्रिया नहीं, बल्कि खिलाड़ियों की तकनीकी दक्षता, अनुशासन, आत्मविश्वास और निरंतर प्रगति का महत्वपूर्ण मापदंड है। उन्होंने सभी खिलाड़ियों से नियमित अभ्यास कर राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर जिले और प्रदेश का नाम रोशन करने का आह्वान किया।




## बेमेतरा से श्रद्धालुओं का जत्था पवित्र श्री अमरनाथ यात्रा के लिए रवाना



**बेमेतरा।** जिले से सात श्रद्धालुओं का जत्था पवित्र श्री अमरनाथ यात्रा के लिए रवाना हुआ। यात्रा पर प्रस्थान से पूर्व श्रद्धालुओं ने भगवान शिव का पूजन-अर्चन कर परिवारजनों एवं शुभचिंतकों का आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर परिजनों, एवं नगरवासियों ने यात्रियों का पुष्पमालाओं से स्वागत करते हुए सुरक्षित एवं मंगलमय यात्रा की शुभकामनाएं दीं।

गौरतलब है कि बेमेतरा जिले से प्रतिवर्ष सैकड़ों श्रद्धालु बाबा बर्फानी के पावन दर्शन के लिए श्री अमरनाथ यात्रा पर जाते हैं। वर्षों से चली आ रही यह धार्मिक परंपरा जिले के श्रद्धालुओं की अटूट आस्था और भगवान शिव के प्रति समर्पण का प्रतीक है। इस वर्ष भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु अलग-अलग जत्थों में यात्रा के लिए रवाना हो रहे हैं, जिनमें कोमल राजपूत हितेन्द्र देवांगन, टेक राम सिंन्हा सूर्यकांत, सौरभ मानिकपुरी ,राजा मानिकपुरी ,साकेत कुमार सोनी सात सदस्यीय दल शामिल है। श्री अमरनाथ यात्रा देश की सबसे कठिन एवं श्रद्धापूर्ण तीर्थ यात्राओं में से एक मानी जाती है। श्रद्धालुओं को ऊँचे पहाड़ी क्षेत्रों, बदलते मौसम और चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों के बीच यात्रा पूरी करनी होती है। यात्रा के दौरान प्रशासन, सुरक्षा बलों और स्वयंसेवी संस्थाओं द्वारा श्रद्धालुओं की सुविधा एवं सुरक्षा के लिए व्यापक व्यवस्थाएँ की जाती हैं। यह यात्रा मुख्य रूप से जम्मू-कश्मीर के पहाड़ी क्षेत्र से होकर गुजरती है।







